# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल– **registrarsnpv@gmail.com** , वेबसाईट- **https://snpv.ac.in**


क्रमांक 5715 / E / परीक्षा–गोपनीय / 2025 रायगढ़, दिनाँक 16/12/25

## –:: अधिसूचना ::–

### सत्र 2025–26 सेमेस्टर परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र (Admit card)

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) की **सत्र 2025–26 NEP स्नातक/ स्नातकोत्तर/डिप्लोमा विषम सेमेस्टर परीक्षा हेतु** निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में अधिसूचित समय–सारणी अनुसार 23/12/2025 से प्रारंभ हो रही है, परीक्षा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों मे दो पाली मे आयोजित होगी।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 16/12/2025 से विश्वविद्यालय के वेबसाईट https://snpv.ac.in से डाउनलोड़ किये जायेंगे।

प्रवेश पत्र के लिए परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन फॉर्म भरते समय उपयोग की गयी यूजर आई.डी./नामांकन क्रमांक एवं आधार नम्बर का प्रयोग करते हुए https://snpv.ac.in के **QUICK LINK - ONLINE PORTAL** पर **ADMIT CARD - MAIN/SEMESTER EXAM** पर जा कर डाउनलोड कर सकते है।

परीक्षार्थी डाउनलोड किए गये प्रवेश पत्र का भली–भांति अवलोकन कर परीक्षण कर लेवें। परीक्षा फॉर्म भरते समय संबंधित परीक्षार्थी द्वारा हुई त्रुटि के कारण प्रवेश पत्र में भी तदनुसार आंशिक त्रुटि हो सकती है, ऐसी स्थिति में यथाशीघ्र विश्वविद्यालय आकर सुधार करा लेवें ताकि परीक्षा के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। परीक्षार्थी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि विश्वविद्यालय द्वारा मेनुअल प्रवेश पत्र नहीं भेजा जायेगा। प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्रवेश पत्र के साथ समय–सारणी एवं परीक्षा केन्द्रों की सूची भी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है जिसका अवलोकन किया जा सकता है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाईन नंबर श्री संदीप शर्मा (परीक्षा कक्ष प्रभारी) मो.न. 8827090904 एवं श्री कार्तिकेश्वर पटेल (परीक्षा विभाग) मो.न. 7697589068 पर संपर्क किया जा सकता है।

**आदेशानुसार**

**कुलसचिव**

**पृ.क्र 5716 / E / परीक्षा–गोपनीय / 2025** **रायगढ़, दिनांक – 16/12/25**

प्रतिलिपि :–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. वित्ताधिकारी/ प्रभारी अधिकारी/कक्ष प्रभारी (गोपनीय/परीक्षा/भंडार विभाग) को सूचनार्थ।
03. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ को इस आशय से सूचनार्थ कि महाविद्यालय संबंधित छात्र–छात्राओं को उपरोक्त संबंध में अनिवार्यता सूचित करें।
04. संपादक/संवाददाता, दैनिक ................................ समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेशित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
05. कार्यालय प्रति।

**प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)**